**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 22.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर द्वीपों के उप–राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की।
2. सर्वोच्च न्यायालय की ओर से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।
3. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू।
4. ज़हाजरानी सेवा निदेशालय ने भर्ती प्रक्रिया के चलते उम्मीदवारों और यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त जहाज़ सेवा शुरू की है।

<><><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि यह दिन मानवता और प्रकृति के बीच अटूट बंधन पर विचार करने और पृथ्वी के समृद्ध तथा विविध पारिस्थितिक तंत्रों को संरक्षित करने के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का एक अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष का विषय, 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना' है। उन्होंने कहा कि द्वीप समूह असाधारण प्राकृतिक संपदा से संपन्न हैं और यहाँ वनस्पतियों तथा जीवों की अद्वितीय विविधता पाई जाती है, इनमें से कई प्रजातियाँ इन द्वीपों के लिए स्थानिक हैं और दुनिया में कहीं और नहीं पाई जातीं। यहाँ की स्वच्छ प्रवाल भित्तियाँ, विशाल मैंग्रोव वन, घने उष्णकटिबंधीय वर्षावन और दुर्लभ वन्यजीव मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक खजाना बनाते हैं जिसका राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर महत्व है। इस अवसर पर, उप–राज्यपाल ने द्वीप समूह के प्रत्येक निवासी से उपील की है कि वे सतत और पर्यावरण–अनुकूल पद्धतियों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रूप से योगदान दें।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाधान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जो 23 अगस्त को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा। इसका उद्देश्य भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों का, सहमति–आधारित समाधान तंत्रों के माध्यम से निपटारा सुनिश्चित करना है। सभी हितधारकों से कहा गया है कि वे अपने विवादों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत में उपस्थित रहे। इच्छुक पक्ष निर्धारित Google Form भरकर अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए समाधान समारोह विशेष लोक अदालत के प्रभारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिंधु पिल्लई ने हाल ही में कार निकोबार का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य जिले में पुलिस व्यवस्था, कल्याणकारी उपायों और सामुदायिक संपर्क पहलों की समीक्षा करना था। इस दौरान उन्होने

पुलिस अधीक्षक, जिला निकोबार के कार्यालय और कार निकोबार पुलिस स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने कर्मियों की शिकायतों और समस्याओं को सुनकर आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने सवाई गांव में स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के कामकाज का निरीक्षण किया। कल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने पुलिस कर्मियों के एक नवनिर्मित बैरक का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय परिषदों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर जन सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और युवाओं को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और अन्य असामाजिक गतिविधियों का शिकार होने से बचाने के लिए समुदाय से सहयोग की अपील भी की।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर में  विज्ञान भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान शिविर में देशभर के 450 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें द्वीप समूह से चुने गए 10 छात्र भी शामिल थे। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मिन्नी बे के कक्षा VII के छात्र मास्टर इशायु तावकर ने 'हिमालयन' के रूप में राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पूर्वी क्षेत्रीय स्तर पर, विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लम्बलाइन के कक्षा VI के छात्र मास्टर हार्दिक चक्रवर्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मिन्नी बे की कक्षा IX की छात्रा बिदिशा मैती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने अपनी कम उम्र में ही असाधारण प्रतिभा हासिल कर देश का नाम रौशन किया है। यह पुरस्कार छह श्रेणियों के अंतर्गत दिया जाता है, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है, वे नामांकन के लिए पात्र हैं। इस संबंध में, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन, सिफारिशें केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस से एक सप्ताह पूर्व, राष्ट्रपति भवन में प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन हेतु पोर्टल अब खुल चुके हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

<><><><><><><>

ज़हाजरानी सेवा निदेशालय ने दक्षिणी द्वीपों में वन विभाग की भर्ती प्रक्रिया के चलते उम्मीदवारों और यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त जहाज़ सेवा शुरू की है। सिंधु जहाज़ आज शाम चार बजे हैडो जेट्टी से कैम्पबेल–बे के लिए रवाना होगा और कल शाम पांच बजे कैम्पबेल–बे से वापसी यात्रा करेगा। इस यात्रा के यात्री टिकट आज सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। यात्री डी एस एस के  ई टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से अथवा स्टार्स टिकटिंग काउंटर से टिकट प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड दिया गया है।

उधर, प्रशासनिक कारणों के चलते सिंधु जहाज की यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब ये जहाज लिटिल अंडमान की यात्रा पर चौबीस मई को रात दस बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा और पच्चीस मई को सुबह दस बजे वापस

लौटेगा। यही जहाज़ जहाज़ ननकौडी होते हुए कैम्पबेल–बे की यात्रा पर सत्ताईस मई को सुबह नौ बजे श्री विजयपुरम से प्रस्थान करेगा और उनतीस मई को सुबह आठ बजे कैम्पबेल–बे से चलकर ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम लौटेगा।

<><><><><><><>

चिन्मय युवा केंद्र की ओर से कल से 27 मई तक मिशन के सभागार में पाँच दिवसीय बालविहार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभिभावक और विद्यार्थी पंजीकरण तथा अधिक जानकारी चिन्मय युवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर सत्ताईस मई तक तेज़ हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी, जो बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे आज समुद्र में न जाए।

<><><><><><><>

बंगाली क्लब स्थित अतुल स्मृति समिति की ओर से पच्चीस मई को क्लब का अस्सीवां स्थापना दिवस तथा महान कवि काज़ी नज़रूल इस्लाम की एक सौ छब्बीसवीं जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम शाम छह बजकर तीस मिनट पर क्लब परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा ननकौड़ी में अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के एक पद को भरने हेतु आवेदन मांगे गए है। इच्छुक उम्मीदवारों को परियोजना निदेशक अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के पते पर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ आवेदन जमा करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि बारह जून शाम साढ़े चार बजे तक है। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>